

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक110 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 05 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## पेंचव्हेली ट्रेन का संचालन आठ दिन रहेगा बंद



**सिवनी यशोः- सिवनी से चलने वाली सिवनी-छिंदवाड़ा-इंदौर पेंचव्हेली ट्रेन आगामी 09 जनवरी से 17 जनवरी तक यादि आठ दिन नहीं चलेगी। रेलवे के निर्णय के अनुसार यह ट्रेन 9 से 17 जनवरी तक नहीं चलाई जाएगी। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल के निशातपुरा स्टेशन में नॉन इंटर लॉकिंग का कार्य हो रहा है इस वजह से कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। यहाँ बता दें कि रेलवे के लगातार चल रहे सुधार कार्यो के कारण ट्रेन का संचालन प्रभावित हो रहा है चार में ट्रेन का संचालन छटवीं बार बंद किया जा रहा है । पेंचव्हेली का संचालन पिछली 28 दिसंबर से 06 जनवरी तक बंद है और फिर रेलवे ने 09 जनवरी से पेंचव्हेली का संचालन निशातनगर में चल रहे नाँन इंटर लाँकिंग के कार्य के कारण संचालन को बंद करने का आदेश जारी किया है । ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्री ट्रेनों के संचालन के संबंध में पूर्व जानकारी प्राप्त कर ही अपनी यात्रा के कार्यक्रम को सुनिश्चित करें ।**



## रोजगार के हुनर वाली शिक्षा में निपुण हो रही छात्राएँ

सिवनी यशोः- महिलाओं को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने के लिए कन्या महाविद्यालय सिवनी में डॉ. ज्योत्सना नावकर पर्यवेक्षक के रूप छात्राओं ने बायवा लेने पहुंची इस दौरान छात्राओं ने मेहंदी बडी पापड, नाश्ता सेंटर तथा टिफिन सेंटर को लेकर अपने प्रोजे ट रखे। गौरतलब है कि मेंहदी प्रोजे ट में अलग अलग प्रांतो में शादी विवाह या धार्मिक उत्सव में लिखी जाने वाली मेहंदी में राजस्थानी मारवाडी, महाराष्ट्रीयन, अरबी संस्कार मेंहदी आदि का लेखन का उल्लेख किया। नाश्ता सेंटर के अंतर्गत दो ग्रुप बनाये गये थे अपना नाश्ता सेंटर एवं दिल खुश नाश्ता सेंटर के अंतर्गत रूशदा अंजुम जैनब अंजुम सनोवर खान जमजमा रूकैय्या खान, शुमाएला खान एवं अंजनी भलावी आयुसी चंद्रवंशी अंशिका सनोडिया, आशफिया अंजुम अजंली यादव, ईशा डोंगरे, अंकिता राहंगडाले सहित अनेक छात्राऐं शामिल हुई।

टिफिन सेंटर के संबंध में अदिबा तनवी ने बताया कि हम लोगों ने बेज बिरयानी जर्दा गोभी की सब्जी, रोटी चांवल सब्जी तथा खडे भटे की सब्जी की थेरेपी के साथ साथ उन्होंने अन्य व्यंजन भी रखे। रीना डोंगरे ने बताया कि कि छात्राओं ने उपमा शाही तोश चाय पोहा तथा कद्दू की बडी चावल के पापड मैगी ब्रेड पकोडा भजिए तथा तिल्ली पोदिना मिर्ची आदि की चटनी ने मंत्र मुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर प्रोजे ट का मार्गदर्शन डॉ. अर्चना चंदेल कल्पना इंगले नागवंशी पालीवाल, सहित मीडिया कर्मियों का योगदान रहा। लगभग 5 घंटो तक छात्राओं उपस्थित जनों का मार्गदर्शन लिया।

## भारत सरकार जैन आचार्यो पर डाक टिकिट व 20/ का सिक्का जारी किया

**विश्व की सकल जैन समाज के लिये गौरवशाली क्षण**

सिवनी यशोः- युगश्रेष्ठ तपस्वी सम्राट दिगंबर जैन आचार्य श्री सन्मति सागर जी ऋषिराज के 14वे समाधि वर्ष व उनके आज्ञानुवर्ती सुशिष्य वर्तमान चतुर्थ पट्टाचार्य श्री सुनीलसागर जी महाराजके 14 वे पट्ट पदारोहण वर्ष पर माननीय भारत सरकार द्वारा 20 रु का सिक्का व डाक टिकिट जारी किया जिस पर दोनों पूज्यपाद आचार्यो के चित्र आशीष स्वरूप अंकित किए गए हैं।

दिनांक 2 जनवरी 2024 को तीन तीर्थंकरो की जन्म भूमि हस्तिनापुर उत्तरप्रदेश की पावन धरा पर पूज्यवर आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज के पावन कर कमलों से इन डाक टिकिट व सिक्कों का विमोचन विशिष्ट



गणमान्य अधिकारियो की उपस्थिति में किया गया. इस अवसर पर सिवनी नगर में विराजित पूज्य आचार्य श्री विभवसागर जी महाराज की सुशिष्या पूज्य आर्यिका श्री चर्या श्री माताजी ने कहा कि हमे अपनी गुरुवादी भारतीय संस्कृति पर बहुमान है। भारत सरकार द्वारा जिन तपस्वी सम्राट स्वर्गीय तपोनिधि समाधियस्थ आचार्य श्री सन्मतिसागर जी महाराज पर एवं उनके सुशिष्य आचार्य श्री सुनीलसागर जी महाराज पर डाक टिकिट एवं 20 रूपये का सिक्का जारी कर जैन संस्कृति को जो अभूतपूर्व स मान दिया गया है वह निश्चित रूप से समग्र जैन समाज के लिए अत्यंत गौरव एवं हर्ष का प्रसंग है।

पूर्व मे भी अनेक अवसरों पर भगवान महावीर गोमटेश बाहुबली, आचार्य शांतिसागर, विमलसागर, ज्ञानसागर,विद्यासागर ,विद्यानंद आदि अनेक जैन मुनिराजों पर प्रमुख जैन प्रतीकों के साथ डाक टिकिट,सिक्के एवं लिफाफे आदि जारी किए जाते रहे है।

हमारे भारत राष्ट्र को ऐसे ही तपस्या एवं साधना में रत ज्ञानी ध्यानी संत महापुरुषों से समग्र विश्व में विश्वगुरू होने का बहुमान स मान एवं गौरव प्राप्त हुआ करता है ।

## मुक्तिधाम दरबार में ए युप्रेशर थैरपी चिकित्सा शिविर का हुआ समापन 211 लोग ने लिया शिविर का लाभ



सिवनी यशोः- नगर के सिंधी कॉलोनी स्थित भक्तिधाम बाबा पेसुराम सनातन मंदिर में श्री संत बाबा जियलदास मेमोरियल समिति धर्मार्थ औषधालय एवं पूज्य सिंधी पंचायत सिवनी के तत्वाधान में सात दिवसीय ऐ यूप्रेशर थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। जिसका समापन गुरुवार 04 जनवरी को हुआ।

भक्तिधाम दरबार के महंत बाबा संतूराम, बाबा चेलाराम एवं सिंधी पंचायत के अध्यक्ष उद्धवदास आसवानी ने जानकारी दी कि भक्तिधाम दरबार में 29 दिसंबर से 04 जनवरी तक सुबह 9 बजे से 1 बजे तक व शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक दो सत्रों में सुजोक वाईब्रेशन थेरपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था. इस शिविर में सिर का दर्द, आंखों की बीमारी, दमा, लकवा, कमर दर्द जैसी बीमारी पर इलाज किया गया। वही इस शिविर में 211 लोगो ने शामिल होकर लाभ लिया। जब शिविर में लाभ लेने वालो से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया की 7 दिन इस शिविर में शामिल होने से काफी फायदा हुआ है। उक्त

शिविर के लिए विशेषज्ञ गोरधन चौधरी (एम डी)बी. चौधरी (एमडी) तथा ओमप्रकाश चौधरी (एमडी) जोधपुर राजस्थान से उपलब्ध हुए थे। जिनके द्वारा सुजोक वाईब्रेशन थेरपी चिकित्सा के बारे में लोगो को पूरी जानकारी भी गई ताकि लोग इन ऐ सरसाइज को अपने अपने घरों में करकर तकलीफ को ठीक कर सकते है।

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आज से

छपारा यशोः- नगर के सिंचाई कॉलोनी मैदान में स्थानीय यंग हीरो



क्रिकेट` लब के तत्वाधान में जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 5 जनवरी से किया जा रहा है जिसमें कार्यक्रम के मु य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ठाकुर जयकेश सिंह पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश चौहान जिला महामंत्री गुलाब साहू एवं चंदू श्रीवात्री की गरिमा में उपस्थिति में किया जावेगा जिसमें प्रथम दिवस स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय समस्त विभागों की टीम का मैच होगा आयोजन समिति द्वारा बताया गया है कि विकासखंड सहित जिले के अलग अलग स्थानों से क्रिकेट टीमों के पहुंचने की उ मीद है, वही प्रतियोगिता का आकर्षण प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए हैं, साथ ही उप विजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार पचास हजार दिया जायेगा साथ ही मैन ऑफ द मैच,बेस्ट बैट्समैन,बेस्ट बॉलर,बेस्ट ऑफ़ द सीरीज प्लेयर जैसे अनेकों विशेष पुरस्कारों को भी शामिल किया गया हैं। विगत कई वर्षो से लगातार क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हमारे द्वारा सफलतापूर्वक किया जा रहा है किंतु इस वर्ष प्रथम पुरस्कार राशि 1लाख रुपए विजेता टीम के लिए रखी गई है वही उप विजेता टीम को 50 हजार रु की राशि शील्ड के साथ दी जाएगी प्रतियोगिता में लगभग क्रिकेट के सभी नियमों का पालन किया जाएगा साथ ही बाहर से आने वाली टीमो को असुविधा ना हो इसका विशेष ध्यान दिया जाएगा एवम छपारा प्रीमियर लीग 2024 क्रिकेट प्रतियोगिता में सभी क्रिकेट एवं खेल प्रेमी सादर आमंत्रित है ।

## शालाओ के शासकीय कर्मचारियों की 3 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आज से प्रारंभ

सिवनी यशोः- जबलपुर संभाग की समस्त शैक्षणिक शालाओं से क्रिकेट के अधिकारी कर्मचारियों का तीन दिवसीय महोत्सव बरघाट स्टेंडियम में 5 से 7 जनवरी के मध्य खेला जाना है, इस प्रतियोगिता को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया है। आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी बीआरसीसी बीईओ, सहित अन्य कर्मचारी तथा खेल प्रभारी जस्सी थामस अनुराग तिवारी देवेन्द्र ठाकुर, प्रदीप वर्मा सहित ेल प्रेमी का समावेश किया जायेगा।

## *बराबरी में छुटी फाइनल कुश्ती*

**बरसला में विशाल इनामी दंगल का आयोजन संपन्न ।**

छपारा यशोः-जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ के ग्राम बरसला में 2 जनवरी को विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया जिसमें छपारा विकासखंड सहित सिवनी जिले के पहलवानों ने दंगल में अपना जौहर दिखाए इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े ग्राम पंचायत के सरपंच नेमिचन्द्र गोनगे आयोजित कार्यक्रम में सचिव घनश्याम कु हरे रोजगार सहायक अजीम कुरेशी ग्राम पंचायत के सभी पांच सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी सं या दंगल प्रेमी उपस्थित रहे ।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे हुए शामिल

## सभी का सर्वांगीण विकास कर मु य धारा से जोडना सरकार का उद्देश्य - मुनमुन

**-राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी से की सौजन्य भेंट**

सिवनी यशोः- गुरुवार, दिनांक 04 जनवरी को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे शामिल हुए।केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रारंभ की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम बिहिरिया (जमुनिया) पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी शामिल हुए। जहां पर आपकी कलश लेकर आगवानी व फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा कन्या पूजन एवं मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम आरंभ कराया गया। साथ ही उपस्थित जनों को शपथ भी दिलाया। इस



दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उपस्थितों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ लाभार्थियों को पहुंचाने व हितग्राही मूलक योजनाओं मे उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से संपूर्ण प्रदेश सहित सभी जिलों मे निकाली जा रही है। दिनेश राय मुनमुन ने बताया कि सरकार सभी जनों का सर्वांगीण विकास कर मु य धारा से जोडना चाहती है। तथा समाज के सभी वर्ग के विकास को ध्यान मे रखकर अनेकों जनहितैषी योजनाएं सरकार द्वारा बनायी गयी है जिसका क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर किया गया है। श्री राय ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन मे बदलाव आया है आज आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने गरीबों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देकर चिंता मुक्त कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाकर लाखों परिवार खुश हैं साथ ही ऐसी अनेकों भाजपा सरकार की योजनाएं जन कल्याण के क्षेत्र मे कारगर साबित हो रही है। इस अवसर पर सर्वश्री रामजी चंद्रवंशी जी भाजपा मंडल अध्यक्ष करकोटी, श्याम मिलन पांडे, बृजेश राजपूत, जयनाथ सिंह बघेल पूर्व सरपंच, सुनील बघेल , हरि चंद्रवंशी , जीतसिंह बघेल, राकेश बघेल , कन्हैया चंद्रवंशी सहित ग्रामीण जनों व संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आज सिवनी प्रवास पहुंची नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी जी से सर्किट हाउस मे मुलाकात कर शाल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## नन्नू 11 और बींझावाडा SPL चैंपियन बनने से एक कदम दूर

**ग्रीन सिटी और बॉयज लब पहुंचे वेटरन के फाइनल में..**
**बार एसोसिएशन क्रिकेट संघ और फुटबॉल संघ के पदाधिकारी पहुंचे SPL ग्राउंड..**

सिवनी यशोः- सिवनी की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता सिवनी प्रीमियर लीग के आज चार सेमीफइनल मैच खेले गए दो वेटरन वर्ग के और दो ओपन वर्ग के चारों मैचों में खिलाड़ियों के बीच और टीमों के बीच आपसी संघर्ष देखा गया जहां बल्लेबाजों ने छक्के चौके लगाकर रनों की बरसात की तो वहीं गेंदबाजों ने अपनी घातक गेंदबाजी से ग्राउंड में उपस्थित क्रिकेट प्रेमियों के दिलों में जगह बनाई ओपन में बींझवाडा टीम ने बड़ा उलट फेर करते हुए कई टाइम की चैंपियन टीम बॉयजे लब को सेमीफाइनल मुकाबले में हराया तो वही वेटरन में ग्रीन सिटी टीम ने मुकाबले में JRB पटेल 11 को शिकस्त दे डाली शुक्रवार को होने वाले फाइनल मैच वेटरन बॉयज` लब विरुद्ध ग्रीन सिटी` लब तो ओपन वर्ग में बींझावाडा विरुद्ध नानू 11 होगा।

आज टूर्नामेंट में सेमीफाइनल मैचों में मु य अतिथि के तौर पर जिला बार एसोसिएशन,क्रिकेट संघ और फुटबॉल संघ के पदाधिकारी पहुंचे जिन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्यों की तारीफ और हौसला अफजाई की..



आयोजन के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर और संयोजक अब्दुल क़ाबिज़ खान ने मैचों के विवरण की जानकारी देते हुए बताया कि आज हुए चारों मुकाबले में सभी मैच संघर्षपूर्ण रहे सिवनी के लोकल खिलाड़ियों का स्क्र में प्रदर्शन निरंतर बेहतर हो रहा है

आज का पहला सेमीफाइनल मुकाबले वेटरन्स वर्ग में ग्रीन सिटी और पटेल 11 के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर ग्रीन सिटी ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए पटेल 11 ने 104/8 रन बनाये अच्छी बल्लेबाजी करते हुए आरिफ ने 32 रनों की पारी खेली वहीं अच्छी गेंदबाजी करते हुए जुबेर और कलीम ने दो-दो विकेट प्राप्त करें लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू ग्रीन सिटी यह मुकाबला 9 विकेट से जीत गई न्यू ग्रीन सिटी की ओर से राजू ने 61 रनों की पारी खेली और इस मैच के मैन ऑफ द मैच बने।

आज का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला और ओपन वर्ग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला शिवनी वॉरियर और नन्नू 11 के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर नन्नू 11 ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में शानदार 200 रन बनाएं नन्नू की ओर से अच्छी बल्लेबाजी करते हुए अक्की ने 88 रनों की शानदार पाली खेली उनका साथ देते हुए रवि ने 41 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए अंकुश और अमित ने दो-दो विकेट प्राप्त किया लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवनी वारियर 101 रनों से यह मुकाबला हार गई शिवनी वॉरियर की ओर से नितेश और राणा ने 24 24 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए सैफी ने चार विकेट प्राप्त किया इस मैच के मैन ऑफ द मैच अक्की रहे

आज का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला वेटरन्स वर्ग में शिवनी बॉयज और गजानन स्पोर्टस के मध्य खेला गया टॉस जीतकर शिवनी बॉयस ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए गजानंद ने 10 ओवरों में मात्र 85 रन बना सकी गजानंद की ओर से बंटू तिवारी ने 25 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए शहीद ने दो ओवर में मात्र दो रन खर्च कर के दो विकेट प्राप्त करें उनका साथ देते हुए शकील ने 3 विकेट प्राप्त करें लक्ष्य का पीछा करने उतरी बॉयज` लब 7 विकेट से यह मुकाबला जीत गई वॉइस ` लब की ओर से कप्तान आसिफ पटेल ने 49 रनों की पारी खेली और इस मैच के मैन ऑफ द मैच शाहिद सानू रहे

आज का और अंतिम सेमीफाइनल मुकाबला ओपन वर्ग में बिंझावाड़ा और शिवनी बॉयज के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत कर शिवनी बॉयस ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए बिंझावाड़ा ने 10 ओवरों में 130 रन बनाए बिंझावाड़ा की ओर से प्रशांत ने 34 मनीष ने 30 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए सि मी ने तीन विकेट प्राप्त किए लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिवनी बॉयज 23 रन से यह मुकाबला हार गई सीवनी बॉयज की ओर से पवन ने 56 रनों की पारी खेली अच्छी गेंदबाजी करते हुए करन ने तीन विकेट के प्राप्त किये इस मैच के मैन ऑफ द मैच हर्षित बर्मन रहे। आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी ने फाइनल मैच में पहुंचने की सिवनी के सभी क्रिकेट प्रेमी दर्शको से अपील की है।

## जबरन नॉलेज



## पीएम मोदी, सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास को चरितार्थ कर रहे -राज्यपाल

**विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य अब कोई वंचित ना रहें**

**राज्यपाल श्री पटेल ने हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया**

भोपाल । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सारे परिवारो की दिक्कते दूर करने का जि मा उठाया है, वह सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को चरितार्थ कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य पात्रताधारी वंचित ना रहें। उक्त आशय के विचार राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने बुधवार को विदिशा जिले के ग्राम बागरी में आयोजित कार्यक्रम को स बोधित करते हुए व्यक्त किए है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पहले गरीबो के बैंक खाते खुलवाकर उनके खातो में ही सीधे राशि जमा करने की पहल की है। अब उन्होंने कोई भी पात्रताधारी वंचित न रहे, की मुहिम छेड़ते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की है।

राज्यपाल श्री पटेल ने महिला स्व-सहायता समूहो की महिला सदस्यों के आत्मबल को रेखांकित करते हुए कहा कि समूह की बहनों में हि मत आई है और बोलने से अब झिझकती नहीं है। आर्थिक प्रगति के द्वार भी समूहो की महिलाओं के खुले है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक समूह की बहन ने अपनी आय की बचत से अपने पति को ट्रे टर दिलाया है। महिलाओं की प्रगति से घर, बच्चों, परिवार और समाज, सभी प्रगति की ओर अग्रसर होते है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री श्री मोदी की गाड़ी हर घर तक संदेश पहुंचाने का काम कर रही है। इसके पीछे मंशा यही है कि कोई भी परिवार किसी भी प्रकार की दिक्कतों से ना जूझे। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों पर शिविर लगाकर टीबी और सिकलसेल जैसी बीमारी के नियंत्रण के लिये जनजागरूकता और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का संदेश दिया जा रहा है। वर्ष 2025 तक टीबी को और वर्ष 2047 तक सिकल सेल जैसी अनुवांशिक बीमारी को जड़ से समाप्त करने का महा अभियान छेड़ा गया है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि देश, प्रदेश नई-नई ऊंचाईयों को छुए इसके लिए विकसित भारत संकल्प के तहत विभिन्न आयामो को मूर्तरूप दिया जा रहा है।

कार्यक्रम को स बोधित करते हुए विदिशा सांसद श्री रमाकांत भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने समाज के अंतिम व्यक्ति की जिदंगी को संवारने का जो कदम उठाया है उन तक लाभ पहुंचाने का सार्थक प्रयास हम सब करें।

**हितग्राहियों को वितरण-** राज्यपाल श्री पटेल ने ग्राम बागरी के आजादनगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को मौके पर हितलाभ व स्वीकृति पत्रों का वितरण किया।

**स्टॉलो का निरीक्षण-** राज्यपाल श्री पटेल ने आजादनगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागो के द्वारा योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने वाले स्टॉल का निरीक्षण राज्यपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों ने कर हितग्राहियों की हौसला अफजाई की।

# ये भारत का नव वर्ष नहीं




**सुरेश हिन्दुस्थानी**

विश्व की महान और शाश्वत परंपराओं के धनी भारत देश के नागरिक भले ही अपनी पहचान बताने वाली कई बातों का भूल गये हों, लेकिन कुछ बातें ऐसी भी हैं, जिनका स्वरुप आज भी वैसा ही दिखाई देता है, जैसा दिग्विजयी भारत का था। हम भले ही अपने शुभ कार्यो में अंग्रेजी तिथियों का उल्लेख करते हों, लेकिन उन तिथियों का उन शुभ कार्यो से कोई संबंध नहीं रहता।

हम जानते हैं कि भारत में जितने भी त्यौहार एवं मांगलिक कार्य किए जाते हैं, उन सभी में केवल भारतीय काल गणना को ही प्रधानता दी जाती है। इसका आशय स्पष्ट है कि भारतीय ज्योतिष उस कार्य के गुण और दोष को भलीभांति प्रकट करने की क्षमता रखता है। किसी अन्य कालगणना में यह संभव ही नहीं है। वर्तमान में हम भले ही स्वतंत्र हो गए हों, लेकिन पराधीनता की काला साया एक आवरण की तरह हमारे सिर पर विद्यमान है। जिसमें चलते हम उस राह का अनुसरण करने की ओर प्रवृत्त हुए हैं, जो हमारे संस्कारों के साथ समरस नहीं है। अब नव वर्ष को ही ले लीजिए। अंग्रेजी पद्धति से एक जनवरी को मनाया जाने वाला वर्ष नया कहीं से भी नहीं लगता। इसके नाम पर किया जाने वाला मनोरंजन फूहड़ता के अलावा कुछ भी नहीं है।

आधुनिकता के नाम पर समाज का अभिजात्य वर्ग वह सब कुछ कर रहा है, जो स य और भारतीय समाज के लिए स्वीकार करने योग्य नहीं है। विसंगति तो यह है कि हमारे समाज के यही लोग संस्कृति बचाने के नाम पर ल बे चौड़े व्या यान दे देते हैं। प्रायः कहा जाता है कि जो व्यक्ति जैसा जीवन जीता है, वह वैसा ही वातावरण चाहता है। आज समाज में जो विकृति दिखाई देती है, वह सब अभिजात्य वर्ग की ही देन है। लेकिन ये लोग पैसे की दम पर इसे दबा देते हैं और छोटी मछलियों को फंसा देते हैं। भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्यौहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम जानते हैं कि हिन्दी के अंतिम मास फाल्गुन में वातावरण भी वर्ष समाप्ति का संकेत देता है, साथ ही नव वर्ष के प्रथम दिन से ही वातावरण सुखद हो जाता है। हमारे ऋषि मुनि कितने श्रेष्ठ होंगे, जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की, जिसमें कब` या होना है, इस बात की पूरी जानकारी समाहित है।

पिछले दो हजार वर्षों में अनेक देशी और विदेशी राजाओं ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा इस देश को राजनीतिक दृष्टि से पराधीन बनाने के प्रयोजन से अनेक संवतों को चलाया, किंतु भारत राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रमी संवत के साथ ही जुड़ी रही। अंग्रेजी शिक्षा-दीक्षा और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण आज भले ही सर्वत्र ईसवी संवत का बोलबाला हो और भारतीय तिथि-मासों की काल गणना से लोग अनभिज्ञ होते जा रहे हों, परंतु वास्तविकता यह भी है कि देश के सांस्कृतिक पर्व-उत्सव तथा राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक आदि महापुरुषों की जयंतियाँ आज भी भारतीय काल गणना के हिसाब से ही मनाई जाती हैं, ईसवी संवत के अनुसार नहीं।

विवाह-मुण्डन का शुभ मुहूर्त हो या श्राद्ध-तर्पण आदि सामाजिक कार्यो का अनुष्ठान, ये सब भारतीय पंचांग पद्धति के अनुसार ही किया जाता है, ईसवी सन की तिथियों के अनुसार नहीं।

इसके बाद भी हमारा समाज का एक वर्ग इस सत्य को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। इसके कारण हम सामाजिक मान मर्यादाओं का स्वयं ही मर्दन करते जा रहे हैं। जिसके चलते इसका दुष्प्रभाव हमारे सामने आ रहा है और समाज में अनेक प्रकार की विसंगतियां भी जन्म ले रही हैं, जो भारतीय जीवन दर्शन के हिसाब से स्वीकार योग्य नहीं हैं।

भारतीय नव वर्ष का अध्ययन किया जाए तो चारों तरफ नई उमंग की धारा प्रवाहित होती हुई दिखाई देती है। जहां प्रकृति अपने पुराने आवरण को उतारकर नए परिवेश में आने को आतुर दिखाई देती है, वहीं भारत माता अपने पुत्रों को धन धान्य से परिपूर्ण करती हुई दिखाई देती है।

भारतीय नव वर्ष के प्रथम दिवस पूजा पाठ करने से असीमित फल की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि शुभ कार्य के लिए शुभ समय की आवश्यकता होती है और यह शुभ समय निकालने की सही विधा केवल भारतीय काल गणना में ही समाहित है।

भारतीय नववर्ष का पहला दिन यानी सृष्टि का आर भ दिवस, युगाब्द और विक्रम संवत जैसे विश्व के प्राचीन संवत का प्रथम दिन, श्रीराम एवं युधिष्ठिर का राज्याभिषेक दिवस, मां दुर्गा की साधना चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक, प्रखर देशभक्त डॉ. केशवराव हेडगेवार जी का जन्मदिवस, आर्य समाज का स्थापना दिवस, संत झूलेलाल जयंती।

इतनी विशेषताओं को समेटे हुए हमारा नव वर्ष वास्तव में हमें कुछ नया करने की प्रेरणा देता है। वास्तव में ये वर्ष का सबसे श्रेष्ठ दिवस है। हिन्दू नववर्ष का प्रार भ चैत्र शु ल प्रतिपदा से माना जाता है।

ब्रह्मपुराण के अनुसार पितामह ब्रह्मा ने इसी दिन से सृष्टि निर्माण प्रार भ किया था, इसलिए यह सृष्टि का प्रथम दिन है। इसकी काल गणना बड़ी प्रचीन है। सृष्टि के प्रार भ से अब तक 1 अरब, 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार, 115 वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं। यह गणना ज्योतिष विज्ञान के द्वारा निर्मित है।

आधुनिक वैज्ञानिक भी सृष्टि की उत्पत्ति का समय एक अरब वर्ष से अधिक बता रहे हैं। जो भारतीय काल गणना की शाश्वत उपयोगिता का प्रमाण देता है। शास्त्रानुसार इसी दिन से ग्रहों, वारों, मासों और संवत्सरों का प्रार भ गणितीय और खगोलशास्त्रीय संगणना के अनुसार माना जाता है।

रतवर्ष में वसंत ऋतु के अवसर पर नूतन वर्ष का आर भ मानना इसलिए भी हर्षोल्लासपूर्ण है,` योंकि इस ऋतु में चारों ओर हरियाली रहती है तथा नवीन पत्र-पुष्पों द्वारा प्रकृति का नव श्रृंगार किया जाता है। लोग नव वर्ष का स्वागत करने के लिए अपने घर-द्वार सजाते हैं तथा नवीन वस्त्राभूषण धारण करके ज्योतिषाचार्य द्वारा नूतन वर्ष का संवत्सर फल सुनते हैं।

शास्त्रीय मान्यता के अनुसार चैत्र शु ल प्रतिपदा की तिथि के दिन प्रातः काल स्नान आदि के द्वारा शुद्ध होकर हाथ में गंध, अक्षत, पुष्प और जल लेकर ओम भूर्भुवः स्वः संवत्सर-अधिपति आवाहयामि पूजयामि च इस मंत्र से नव संवत्सर की पूजा करनी चाहिए तथा नववर्ष के अशुभ फलों के निवारण हेतु ब्रह्मा जी से प्रार्थना करनी चाहिए कि हे भगवन ! आपकी कृपा से मेरा यह वर्ष कल्याणकारी हो और इस संवत्सर के मध्य में आने वाले सभी अनिष्ट और विघ्न शांत हो जाएं।

नव संवत्सर के दिन नीम के कोमल पत्तों और ऋतुकाल के पुष्पों का चूर्ण बनाकर उसमें काली मिर्च, नमक, हींग, जीरा, मिश्री, इमली और अजवायन मिलाकर खाने से रक्त विकार आदि शारीरिक रोग शांत रहते हैं और पूरे वर्ष स्वास्थ्य ठीक रहता है। भारतीय कालगणना के अनुसार वसंत ऋतु और चैत्र शु ल प्रतिपदा की तिथि अति प्राचीन काल से सृष्टि प्रक्रिया की भी पुण्य तिथि रही है। वसंत ऋतु में आने वाले वासंतिक नवरात्र का प्रार भ भी सदा इसी पुण्य तिथि से होता है। विक्रमादित्य ने भारत की इन तमाम कालगणनापरक सांस्कृतिक पर पराओं को ध्यान में रखते हुए ही चैत्र शु ल प्रतिपदा की तिथि से ही अपने नवसंवत्सर संवत को चलाने की पर परा शुरू की थी और तभी से समूचा भारत इस तिथि का प्रतिवर्ष अभिवंदन करता है।

ऐसे में विचारणीय तथ्य यह है कि हम जड़ों से जुड़े रहना चाहते हैं या फिर जड़ बनकर पश्चिम के पीछे भागना चाहते हैं। ध्यान रहे नकल हमेशा नकल ही रहती है, वास्तविकता नहीं हो सकती।

आज चमक दमक के प्रति बढ़ता आकर्षण हमें भारतीयता से दूर कर रहा है, लेकिन यह भी एक बड़ा सच है कि दुनिया के तमाम देशों के नागरिकों को भारतीयता रास आने लगी है। वृंदावन की कुंज गलियों में, गंगा के घाटों पर कई विदेशी भारतीय संस्कृति में गोता लगाते हुए मिल जाएंगे। जब यह ऐसा कर सकते हैं तो भारतीय समाज के लिए यह बहुत ही सीधा मार्ग है।

## राज्य स्तरीय युवा उत्सव का हुआ रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन

### विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो को मिला पुरस्कार



भोपाल । रविन्द्र भवन सभागार में 27वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव-2024 के अंतिम दिन रंगारंग प्रस्तुतियाँ युवा कलाकारों ने दी। युवा उत्सव में समूह लोकगीत, एकल लोकगीत, समूह नृत्य एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई।

**प्रतियोगिता के परिणाम-** समूह लोकगीत में सागर संभाग प्रथम, इंदौर द्वितीय एवं ग्वालियर संभाग तृतीय स्थान पर रहे। एकल लोकगीत में भोपाल संभाग प्रथम, जबलपुर द्वितीय एवं ग्वालियर तृतीय स्थान पर रहे। एकल लोकनृत्य में उज्जैन संभाग प्रथम एवं रीवा द्वितीय स्थान पर रहे। समूह लोकनृत्य में इंदौर संभाग प्रथम, सागर द्वितीय एवं भोपाल संभाग तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में ग्वालियर संभाग प्रथम, रीवा द्वितीय एवं इंदौर संभाग ने तृतीय स्थान हासिल किया। कहानी लेखन में ग्वालियर संभाग प्रथम, सागर संभाग द्वितीय तथा उज्जैन तृतीय स्थान पर रहा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग प्रथम, जबलपुर द्वितीय एवं सागर संभाग तृतीय स्थान पर रहा। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में रीवा संभाग प्रथम, जबलपुर द्वितीय तथा उज्जैन संभाग तीसरे स्थान पर रहा।

**पुरस्कार राशि-** उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव अंतर्गत समूह लोकनृत्य एवं लोकगीत में प्रथम पुरस्कार 60 हजार रूपये है, द्वितीय 40 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 20 हजार रूपये प्रदान किया गया। पुरस्कारों में प्रथम 10 प्रतिभागियों को 6-6 हजार, द्वितीय 10 को 4-4 हजार एवं तृतीय 10 को 2-2 हजार रूपये की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया गया। इसी तरह एकल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार 6 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 4 हजार रूपये दिये गये।

**पुरस्कार वितरण-** प्रतियोगिता के विजेताओं को संयुक्त संचालक खेल श्री बी.एस. यादव, नेहरू युवा केन्द्र के स्टेट को-ऑर्डिनेटर श्री सुरेन्द्र शु ला ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उप संचालक खेल श्री एम.के. धौलपुरी, राज्य स्तरीय आयोजन की को-ऑर्डिनेटर सुश्री वाणी साहू, श्री के.के. उपाध्याय, सुश्री रूबीका दीवान, श्री राजेश शो य और श्री विकास खराड़कर उपस्थित थे।

प्रथम स्थान वाले युवाओं को 27वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में मध्यप्रदेश दल का प्रतिनिधित्व का मौका

27वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव-2024 का आज रविन्द्र भवन में समापन हुआ। इस आयोजन की समस्त विधा में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी 12 से 16 जनवरी, 2024 के मध्य नासिक (महाराष्ट्र) में प्रतिभागिता करेंगे। राज्य स्तरीय युवा उत्सव के विजेताओं को राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभागिता करने का मौका मिलेगा। मध्यप्रदेश के 110 सदस्यीय दल इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## युवाओं ने पुस्तकों पर बात करने के लिए लगाई बैठकी



भोपाल। यंग थिंकर्स फोरम के रीडिंग` लब द्वारा 85 वीं पुस्तक परिचर्चा का आयोजन लेक व्यू स्थित विंड एंड वेव्स पर किया गया। इस पुस्तक परिचर्चा में जेएनयू के वैज्ञानिक आनंद रंगनाथन की पुस्तक "हिंदूस इन हिंदू राष्ट्र" की समीक्षा एडवोकेट दीक्षा जोशी ने की और पद्म श्री मीनाक्षी जैन की पुस्तक "द हिंदूस ऑफ हिंदुस्तान" की समीक्षा आईआईएमसी के छात्र वैभव चतुर्वेदी ने की।

**देश में हिंदू आज भी आठवीं श्रेणी का नागरिक : आनंद रंगनाथन**

"हिंदूस इन हिंदू राष्ट्र" की समीक्षा करते हुए दीक्षा ने बताया कि इस पुस्तक में ऐसे मुद्दों का ज़िक्र गया है, जिनके कारण आज भी देश में हिंदुओं के साथ भेदभाव होता है और उनका अस्तित्व एक प्रश्नचिन्ह बन गया है।

किस प्रकार भिन्न-भिन्न कानून जैसे कि "वे फ ऐ ट", "प्लेसेज ऑफ वर्शिप ऐ ट", "राइट टू एजुकेशन ऐ ट" और ÷हिंदू चेरिटेबल एंडोमेंट्स ऐ ट÷ द्वारा हिन्दुओं को एक पूर्व नियोजित एवं प्रयोजित ढंग से अपने धर्म और धरती से दूर किया जा रहा है।

लाखों कश्मीरी हिन्दू पुनर्स्थापित नहीं किए जा सके हैं।

न्यायपालिका ने अपनी उदारवादी, पंथनिरपेक्ष और आधुनिक सोच के चलते केवल हिंदू त्योहारों और मंदिरों के मामलों में हस्तक्षेप किया है।

2014 में सत्ता हस्तांतरण नहीं होता तो"क यूनल वायलेंस बिल" पारित हो चुका होता। इस कानून के तहत यदि कोई सा प्रदायिक हिंसा होती है तो उसमे दोषी हिंदू पक्ष को ही माना जाता` यूंकि वे बहुसं यक हैं।

इन सभी विषयों का हवाला देते हुए डॉ रंगनाथन कहते हैं कि हिंदू इस देश में आठवीं श्रेणी का नागरिक है।

**मुस्लिम आक्रांताओं ने भारत को सिर्फ़ लूट, अत्याचार, विनाश और मज़हबी उन्माद का केंद्र बनाया : मीनाक्षी जैन**

%द हिंदूस ऑफ हिंदुस्तान : ए सिविलाइजेशनल जर्नी% की समीक्षा करते हुए वैभव ने बताया कि यह पुस्तक भारत की आधारभूत एकता और इस एकता के मूल में स्थित सनातन संस्कृति के विभिन्न पक्षों की चर्चा करती है। पुस्तक बताती है कि कैसे हड़प्पा के समय में प्रचलित चूड़ियां, योग मुद्राएं, धार्मिक मान्यताएं आदि आज भी प्रचलित हैं।

पुस्तक में बताया है कि गुप्त काल से पहले के बने मठ-मंदिर-चैत्य-विहार आदि आमजनों के सहयोग से बनाए गए, जिसमें सर्व समाज विशेषकर महिलाओं, बुनकर, लोहार, बुनकर आदि कामगारों का योगदान भी रहा। काबुल-जाबुल में हिंदूशाही वंश के जयपाल और उनके बेटे आनंदपाल और सिंध में चच वंश के राजा दाहिर ने लगभग पांच शताब्दियों तक मुस्लिम आक्रांताओ को भारत की सीमा के बाहर रोककर रखा।

मुस्लिम आक्रांताओं से पहले जितने भी विदेशी भारत में आए उन्होंने इसे अपनी पुण्यभूमि बनाया और सनातन संस्कृति के वाहक बन गए जबकि तुर्क, अफ़गानी, ईरानी आक्रांताओं ने भारत को सिर्फ़ लूट, अत्याचार, विनाश और मज़हबी उन्माद का केंद्र बनाया। मुग़ल काल में बादशाह से जुड़े केवल 1600 परिवारों पर देश के अधिकतर संसाधन लुटाए जा रहे थे और जनता अत्याधिक कर के बोझ से दबकर दम तोड़ रही थी। इस समय हुई बर्बादी से भारतीय समाज आज भी नहीं उबर सका है।


यंग थिंकर्स फोरम द्वारा हर रविवार पुस्तक परिचर्चा का अयोजन किया जाता है, जिसमें पुस्तक प्रेमी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। इसमें कोई भी निःशुल्क स मिलित हो सकता है।

## तीन दिन प्लास्टिक मुक्त ईको फ्रेंडली वातावरण में रहेंगे विद्याभारती के 1500 से अधिक समिति सदस्य

**पूरे प्रांत की 180 समितियों से स मिलित होंगे सदस्य**

**मंच पर अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति बनेगी, मु य द्वार भी अयोध्या धाम जैसा बनेगा**

**'संकल्प दृष्टि 2024' का आयोजन का आयोजन 12, 13 और 14 जनवरी 2024 को शारदा विहार भोपाल में होगा**





भोपाल। विद्याभारती द्वारा संचालित मध्यभारत प्रांत के सभी सरस्वती शिशु मंदिरों की प्रबंध समितियों का तीन दिवसीय समागम शारदा विहार आवासीय विद्यालय पर?सर में आयोजित होगा। 12 जनवरी से 14 जनवरी तक आयोजित होने वाले मध्यभारत प्रांत की नगरीय इकाइयों के 'संकल्प दृष्टि 2024- समिति समागम' में पूरे प्रांत से 180 समितियों के 1500 से अधिक पदाधिकारी उपस्थित होंगे। इस समागम का उद्देश्य मध्य भारत प्रांत के 5 विभागों के सभी 16 जिलों के समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में कार्य के प्रति दायित्व बोध, कुशलता, समझदारी एवं सक्रियता बढ़ाना है। तीन दिन चलने वाला यह आयोजन पूरी तरह से ईको फ्रेंडली एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण में होगा। इसकी व्यवस्थाओं के लिए शारदा विहार में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रांत संगठन मंत्री श्री निखि?लेश महेश्वरी ने सभी को संबोधित कर व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें उत्साह पूर्वक आने वाले अतिथियों का स्वागत, स मान करना है, उत्कृष्ट कार्य से समिति समागम सफलता पूर्वक स पन्न होगा।

विद्याभारती मध्यभारत प्रांत के प्रांतीय सचिव श्री शिरोमणि दुबे ने बताया कि नगरीय शिक्षा के सरस्वती शिशु मंदिरों की प्रबंध समितियों का इतना बड़ा तीन दिवसीय समागम पहली बार होने जा रहा है। समितियों के सदस्य और पदाधिकारियों में डॉ टर, इंजीनियर, व्यवसायी, वकील, मातृशक्ति, समाजसेवी, कृषक, अभिभावक एवं शिक्षक आदि विभिन्न दायित्वों से जुड़े लोग होते हैं। इन्हें समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। इस समागम में भी अलग-अलग सत्रों में सामूहिक एवं अलग अलग श्रेणी के अनुसार शिक्षा व प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं कार्यशालाएं आयोजित होंगी। इनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, विद्याभारती के आयाम, आधारभूत विषय, सामाजिक सरोकार, शिक्षा की जानकारी देने वाले सत्र होंगे।

**नवंबर से चल रही थी तैयारी**

इस आयोजन के पूर्व नवंबर माह से विद्यालयों की साधारण सभा और प्रबंध समितियों की बैठकें आयोजित की जा रही थीं। इन बैठकों इन्हीं बैठकों में समिति के सदस्यों का कार्य विभाजन भी किया गया। इसके बाद प्रत्येक समिति की कार्यशाला भी आयोजित की गई। अभी प्रांत में ऐसी बैठकों और कार्यशालाओं का तीसरा चरण चल रहा है।

**पूरी तरह से ईको फ्रेंडली और प्लास्टिक मु त होगा आयोजन**

प्रांत संगठन मंत्री श्री निखिलेश महेश्वरी ने बैठक में कहा कि पर्यावरण के प्रति हमारा पूरा ध्यान है। इसलिए, हमारे आयोजन ईको फ्रेंडली और प्लास्टिक मुक्त होते हैं। इस आयोजन को भी बर्तन से लेकर ले स तक के मामले में पूरी तरह से ईको फ्रेंडली और प्लाास्टिक मुक्त रखा जाएगा। प्रदर्शनी, मंच एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए डिजिटल एलईडी और कागज व कपड़े का उपयोग किया जाएगा।

**मु य सभागार में अयोध्या के मंदिर की प्रतिकृति आकार का मंच होगा**

परिसर में छह विशाल पांडाल बनाए जाएंगे। इनमें से एक मु य सभागार होगा। मु य सभागार में सामूहिक सत्र एवं रंगमंचीय कार्यक्रम होंगे। वहीं अन्य पांडालों में श्रेणीशः प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएं होंगी।

**परंपरागत पंगत से होगी भोजन व्यवस्था**

सभी के ठहरने के लिए आवासीय विद्यालय और प्रवासी विद्यालय में व्यवस्था की जा रही है। मातृशक्ति के लिए अलग से शरद छत्रावास में व्यवस्था की जा रही है। इतनी बड़ी सं याा में आए सभी कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यावस्था परंपरागत पंगत की तरह होगी। इसमें सभी जमीन पर बिछात पर बैठकर एक साथ भोजन करेंगे। इसमें भोजन परोसने के लिए कार्यकर्ताओं की एक अलग टीम की व्यवस्था रहेगी।

**8 बेड का अस्थायी अस्पताल बनेगा, पूर्व छात्र डॉ टर देंगे सेवा**

समागम स्थल पर 8 बेड वाला एक अस्थाायी अस्पताल भी बनाया जाएगा। इसमें विद्याभारती के 8 पूर्व छात्र डॉ टर अपनी सेवाएं देंगे। 24 घंटे एंबुलेंस भी उपलब्ध रहेगी।

**आयोजन स्थल पर 4 पथ बनेंगे, प्रदर्शनी भी लगेगी**

आयोजन स्थल पर 4 पथ बनाए जाएंगे। इन्हें विद्यापथ, वीरांगना पथ, शिक्षा पथ, राजपथ नाम दिया जाएगा। इन पथों पर नाम के अनुरूप ही विद्या, वीरांगनाओं, शिक्षा एवं शिक्षकों से जुड़ी जानकारियों एवं राष्ट्रीयता एवं महापुरषों के जीवन परिचय और चित्र लगाए जाएंगे। सभी प्रदर्शनियों में केवल कागज और कपड़े का उपयोग किया जाएगा।

**डिजीटल प्रदर्शनी में 20 विषयों की मिलेगी जानकारी**

परिसर में डिजिटल प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में 20 प्रकार के विषयों की जानकारी मिलेगी। इनमें अटल टिंकरिंग लैब, कौशल विकास, शैक्षिक नवाचार, अनुभूति शिविर, समविचारी विद्यालय आदि का कंटेंट प्रदर्शित एवं प्रसारित किया जाएगा।

## व्यय लेखा प्रस्तु नहीं करने वाले अ यार्थियों को कारण बताओ नोटिस जारी

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत व्यय लेखा प्रस्तु नहीं करने पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-115 सिवनी सिंधी कालोनी निवासी अ यर्थी श्री आनंद पंजवानी, ग्राम धतुरिया निवासी अ यर्थी श्री अजय ओमकार सिंह बघेल एवं ग्राम कंडीपार निवासी अ यर्थी मो. शादाब पटैल एवं हरिजन वार्ड ग्राम आदेगांव निवासी अ यर्थी श्री तिलक सिंह जाटव तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-117 लखनादौन ग्राम करछुई पोस्ट आदेगांव निवासी अ यर्थी श्री गोविंद सिंह एवं ग्राम ब हनी निवासी संतरलाल वलारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 अनुसार अ यर्थी को नामांकन तारीख से निर्वाचन परिणाम की घोषणा तारीख तक अ यर्थी द्वारा किए गए समस्त व्ययों का लेखा संधारित कर परिणाम की घोषणा से 30 दिवस के अंदर जमा करना अनिवार्य होता है।

# 15 जनवरी तक थानों की सीमाओं का करें निर्धारण- मु यमन्त्री डॉ. यादव

**राष्ट्रीय पर्वों पर शासकीय बैंड आएंगे अस्तित्व में**

**जिलों में ओपन जेल बनाई जाय, अच्छे आचरण वाले कैदियों का मानवीय पक्ष देखें**

**मु यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा में प्रभावी और आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के दिये निर्देश**



भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर संभाग की कानून व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जिलों में पुलिस थानों की सीमाओं का निर्धारण 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाए। इसके लिए एसडीएम स्तर पर सभी जनप्रतिनिधियों की बैठक में विचार-विमर्श कर थानों की सीमाओं के प्रारंभिक निर्धारण के बाद दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा। इस प्रकार 15 जनवरी तक सीमा निर्धारण संबंधी सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाए।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में संभागस्तरीय कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रभावी और आदतन गुंडे और बदमाशों पर स त कार्रवाई की जाये। उन पर शिकंजा कसा जाना ज्यादा आवश्यक है। जिससे निचले स्तर तक यह संदेश पहुंचे कि प्रशासन द्वारा आपराधिक कृत्यों में लिप्त किसी को भी ब शा नहीं जाएगा। मु यमंत्री ने कहा कि आदतन अपराधियों के खिलाफ स त कार्रवाई होनी चाहिए। कानून व नियम का उद्देश्य भी यही है। साथ ही मु यमंत्री ने कहा कि खुले में मांस मछली के विक्रय पर स ती से प्रतिबंध लगायें। खुले में इसका व्यवसाय नही हो, इसके विक्रेताओं को जब तक पक्का निर्माण नहीं हो जाता तब तक अभी फिलहाल शेड युक्त मार्केट बना कर दिया जाय और समुचित स्थान उपलब्ध कराए।

मु यमंत्री ने कहा कि जेलों में सजा पूरी कर लेने वाले बंदियों के मानवीय पहलुओं पर विचार करते हुए जिला जेल और पुलिस बल मिलकर योजना बनायें। उन्होंने जिलों में ओपन जेल बनाने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए। मु यमंत्री ने कहा कि हर जिले में पुलिस का बैंड होना चाहिए। जिससे राष्ट्रीय पर्वों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शासकीय बैंड का उपयोग हो इसके लिए जिन जिलों में बैंड दल नहीं है, वहां एसएएफ की कंपनियों और पुलिस बल में नई भर्ती के जवानो को प्रशिक्षण देकर पुलिस बैंड दल बनाया जाए। इसके अलावा पुलिस द्वारा पूर्व में जिलों में प्रारंभ हुई लर्निंग कक्षाओं के संबंध में मु यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि इस तरह सेवा और साख बढ़ाने का बेहतर काम करने वालों को स मानित और पुरस्कृत किया जायेगा।

मु यमंत्री ने पुलिस विभाग में हाल ही में हुई पदोन्नतियों के संबंध में कहा कि पदोन्नति पाने से छूट गये पात्र और योग्य प्रमोटी पुलिस कर्मियों की भी पदोन्नति की जायेगी।

मु यमंत्री ने कहा कि निर्धारित आवाज की सीमा के भीतर ही लाउडस्पीकर चलें। उन्होंने डीजे सहित अधिक आवाज करने वाले यंत्रों पर स ती से रोक लगाने के निर्देश दिये।

इसके अलावा कले टर, एसपी स्थायी और अस्थायी लाऊड स्पीकर के मामलें को गंभीरता से लें। अस्थायी तौर पर विभिन्न आयोजनों के लिए अनुमति का प्रावधान है। कले टर्स इस पर विशेष निगरानी रखें।

**2773 स्थानों से स्पीकर हटाये, 218 की जमानत निरस्त**

इसके पहले कानून व्यवस्था के स बंध में जबलपुर और बालाघाट रेंज की कार्रवाई के संबंध में बताया गया कि जबलपुर और बालाघाट रेंज को मिलाकर कुल 218 की जमानत निरस्त की गई है। साथ ही 2773 स्पीकर हटाये गए है। इस मसले पर सीएम डॉ. यादव ने निर्धारित आवाजों में स्पीकर संचालन और अधिक आवाज वाले यंत्रों पर स ती से रोक लगाने के निर्देश दिये।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल,लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, केन्द्रीय इस्पात खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी डी शर्मा, संभाग के सभी जिलों के सांसद व विधायकगण, महापौर, सहित मु य सचिव श्रीमती वीरा राणा, जबलपुर संभाग के प्रभारी अपर मु य सचिव विनोद कुमार और ए डी जी पी चंचल शेखर , मु यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, आयुक्त जनसंपर्क संदीप यादव संभागायुक्त अभय वर्मा ए. डी. जी. पी. उमेश जोगा, आर. पी. बालाघाट संजय कुमार और सभी संभाग के जिलों के कले टर्स, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

## वैध खाद्य लाइसेंस के बिना मांस-मछली विक्रय करने वालों पर हुई कार्यवाही



सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग, स्थानीय निकाय एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा मटन मार्केट का सतत निरीक्षण किया जा रहा है तथा खुले में मांस मछली विक्रय करने वाले व्यवसायियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

इसी परिपेक्ष्य में मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में मंगलवार विगत दिवस ग्राम आदेगांव, गनेशगंज, लखनादौन एवं बरघाट में मांस मछली दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों में साफ-सफाई की कमी एवं अस्वच्छ स्थिति में चिकन रखने एवं विक्रय करने के कारण 25 किलो चिकन को मौके पर नष्ट करवाया गया साथ ही चिकन के 3 नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी कड़ी में बिना वैद्य खाद्य लाइसेंस, बिना पंजीयन के मांस-मछली विक्रय करने के कारण खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 58, 56 के अंतर्गत 6 प्रकरण पंजीबद्ध कर व्यवसासियों को सुधार सूचना पत्र जारी किए गए। साथ ही दल द्वारा तहसील बरघाट में मांस मछली विक्रय करने संबंधी लाइसेंस हेतु कैंप लगाकर व्यवसायियों से आवेदन प्राप्त किए गए।

## अधिकारी अपने व्यवहार और भाषा का ध्यान रखें - मु यमंत्री

**शाजापुर की घटना कतई उचित नहीं**

**सुश्री ऋजु बाफना शाजापुर की नयी कले टर बनी**

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शाजापुर में ट्रक ड्राईवरों की बैठक के दौरान जिस प्रकार की भाषा का उपयोग अधिकारी द्वारा किया गया वह कतई उचित नहीं है। कले टर नरसिंहपुर सुश्री ऋजु बाफना को शाजापुर का नया कले टर बनाया गया है। शाजापुर के कले टर श्री किशोर कुमार कन्याल को स्थानांतरित कर भोपाल में उप सचिव बनाया गया है।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम गरोबोत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। यह सरकार गरीबों की सरकार है, मैं स्वयं मजदूर परिवार से आता हूँ, हमारी सरकार में इस प्रकार का व्यवहार सहन नहीं होगा, ऐसी भाषा बोलने वाले अधिकारियों को मैदान में रहने का अधिकार नहीं है।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर रवाना होने से पहले भोपाल के राजकीय विमानतल पर कहा कि मैं इस घटना से बहुत पीड़ित हूँ, ऐसे प्रकरणों में किसी को क्षमा नहीं किया जा सकता। अधिकारियों को मनुष्यता के नाते सभी व्यक्तियों के काम और उनके भाव का स मान करना चाहिए। आशा है भविष्य में अधिकारी अपने व्यवहार और भाषा का ध्यान रखेंगे।

# मारुति नंदन व्यायाम शाला दंगल में पहलवानों ने दिखाए अपने दांव-पेंच

**सन्नी, भगवानदास और शोभित पहलवान छाए रहे दंगल में**

**`फाइनल तीनों कुश्तियों के शानदार मुकाबले**

छपारा यशोः- नगर के तकिया वार्ड स्थित सुभाष ग्राउंड में 2 जनवरी को प्रति वर्ष आयोजित होने वाले दंगल में इस बार भी बाहर से आए पहलवानों ने अपने हुनर का जबरदस्त प्रदर्शन किया।

नगर के मारुति नंदन व्यायाम शाला के तत्वाधान में आयोजित इस दंगल मे आसपास के क्षेत्रीय पहलवान सहित अन्य प्रदेश जैसे उत्तर प्रदेश,हरियाणा,पंजाब सहित कई जगहों के पहलवानों ने हिस्सा लिया।

उक्त दंगल का आयोजन विगत कुछ वर्षों से शुरू हुआ हैं किंतु इसकी लोकप्रियता का आलम यह है की



हर वर्ष उ मीद से ज्यादा भीड़ दंगल देखने पहुंच रही हैं। ठंड के बावजूद भी लोगों की विशाल भीड देर रात तक चले दंगल के अंतिम फायनल तीनों कुश्तियों मुकाबले देखने के लिए डटी रही, विशाल सं या में पहुंचे दंगल प्रेमियों से पूरा मैदान दर्शकों से भर गया और उसके बाद जिसे जहां जगह मिली वहां से कुश्ती के मुकाबले को देखा। संपूर्ण दंगल में 70 कुश्तियों पहलवानों ने लड़ी जिसमें उन्होने एक से बढ़कर एक दाव पेंच दिखाए, वही

रेफरी की भूमिका में दगंल समिति के आयोजक अन्नु मासाब सेवा निवृत शिक्षक एवं रिक्की कोष्ठा ने निष्पक्ष रूप से निर्णय दिए। दंगल की शुरुआत दोपहर तीन बजे से हुई और रात 9:30 बजे तक फाइनल मुकाबला संपन्न हुआ, साथ ही इस दंगल में पुरुष पहलवानों के साथ-साथ दो महिला पहलवानों ने भी अपने हुनर से लोगों को चौकाया जिनमे छिंदवाड़ा की महिला पहलवान पूर्वा और बैतूल से आभा पहलवान ने भी हिस्सा लिया, जिसमें महिला प्रतिद्वंदी पहलवान नहीं मिलने के चलते महिला पहलवान पूर्वा ने कुल दो कुश्ती लडी आभा को पटखनी दी वहीं और महिला पहलवान न होने पर अपने समान कद काठी और वजन के पुरुष पहलवान अंकुश जो जनपद क्षेत्र के भाडतेंदनी निवासी हैं उनसे लडी जिसमें मुकाबला बराबरी

में छूटा दंगल समिति की ओर से प्रोत्साहन राशि दी गई। वहीं पंजाब के पहलवान मौसम अली की कुश्ती को भी सभी दर्शकों के द्वारा सराहना की गई पूर्वा के कुश्ती खेल के लगाव को देख सभी उपस्थित जनों ने प्रशंसा की गई। इसके अलावा दंगल में नवनिर्वाचित क्षेत्रीय केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह और सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन,जयकेश सिंह ठाकुर, नवनीत सिंह ठाकुर, अभिषेक सिंह ठाकुर बिट्टू सहित बड़ी सं या में नगर सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही दंगल के अंतिम तीन कुश्तियां मोहित पहलवान पंजाब - सन्नी बरेली,भगवान दास अयोध्या-विक्रम जबलपुर आर्मी और शोभित कानपुर-रवि हरियाणा के बीच लड़ी गई जिसमें प्रथम पुरस्कार 51हजार रु और मोटर साइकिल सन्नी पहलवान बरेली उत्तर प्रदेश वाले ने जीती, वही द्वितीय पुरस्कार भगवान दास पहलवान अयोध्या ने 31हजार रुपए और एक बाइक एवं तीसरा पुरस्कार शोभित पहलवान कानपुर ने 21हजार रुपए सहित एक बाइक अपने नाम की। ज्ञात हो की प्रथम पुरस्कार की राशि स्वर्गीय मोनु जालिम सिंह पटेल जी गोटेगांव की ओर से उनकी स्मृति स्वरूप भेंट की गई वहीं दोपहिया वाहन गनेशगंज स्थित बाइक शोरूम संचालक की ओर से दिए गए।

# मूवमेंट 21 के सदस्यों ने मनाया सावित्रीबाई फुले की जयंती

सिवनी यशोः- सावित्री फुले द्वारा वर्ष 1884 मे महिलाओं और वंचित समुदाय के बच्चों के लिए भारत में पहली पाठशाला प्रारंभ की गई वे भारत की पहली महिला शिक्षिका बनी। इस प्रकार उन्होंने हमारे देश के सभी महिलाओं और बहुसं यक वंचित लोगों के लिए शिक्षा के द्वार खोले जिनके लिए हजारों वर्षों से शिक्षा प्रतिबंधित थी । शिक्षा के क्षेत्र में उनके इस अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें जन्म दिवस 3 जनवरी को हमारे देश में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। सावित्रीबाई पहले स्वयं शिक्षिका हुई फिर उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर उन्होंने महिलाओं और वंचितों के



लिए अनेक शाला खोली इसके लिए उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा और असमानता पर आधारित समाज से उन्हें अनेक प्रताड़ना और अपमान सहन करना पड़ा पर वह रुकी नहीं और शिक्षा का कार्य निरंतर जारी रखा सावित्रीबाई एक कवित्री थी और महिला पुरुष समानता की प्रेरणा थी। मूवमेंट 21, 3 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाता है और सभी को गुणवत्तापूर्ण स मान शिक्षा प्राप्त हो इस दिशा में निरंतर कार्य करता है आज दिनांक 3 जनवरी को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस स्थान बुद्धा गार्डन बरघाट पर मूवमेंट 21 की जिला जिला सिवनी इकाई द्वारा उत्साह पूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया गया मूवमेंट 21 के अनेक सदस्य उनके परिवार के सदस्यों सहित बड़ी सं या में आमजन इस उत्सव का हिस्सा बने इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें गायन ,नृत्य, लघु नाटिका ,क्विज आदि शामिल थे बच्चों को लेकर बुजुर्गों तक लगभग सभी आयु वर्ग के लोग इसमें सहभागिता हुए और भरपूर आनंद उठाया सावित्रीबाई फुले के कार्यों को याद किया गया और उनके अतुल योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता की गई इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षक को और अन्य व्यक्ति को स मानित किया गया श्री जीएस गढ़पाल जी ,श्री बी, एल इनवाती ,जी भूपेंद्र चौधरी जी,श्री रवि शंकर कटरे श्रीमती सलमा कुरैशी आयुष्मति लता नंदोरे जी सामाजिक कार्यकर्ता इस अवसर इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें मूवमेंट 21 द्वारा इस कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए गाने बजाए गए और लोगों ने गीत गाकर नृत्य कर खुशियां मनाई इस गानों के माध्यम से सावित्रीबाई फुले के कार्यों के साथ-साथ शिक्षा के महत्व सामाजिक और लैंगिक समानता सामाजिक सुहाद्र और पर्यावरण के संरक्षण की सीख दी गई इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम समाप्त के बाद मूवमेंट 21 के सदस्यों सदस्यों ने कार्यक्रम स्थल पर सफाई और पूर्व से बेहतर और स्वच्छ किया इस कार्यक्रम की सभी ने खूब सराहना की

## छपारा नगर में द्वार- द्वार तक पहुंची अक्षत कलश आमंत्रण यात्रा

छपारा यशोः- 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में विराजमान होने जा रहे जन-जन की श्रद्धा और आस्था के केन्द्र व आदर्श प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के विशालतम आयोजन में सभी के सहभागी एवं साक्षी बनने की आमंत्रण श्रृंखला की अक्षत कलश यात्रा दिनांक 4 जनवरी को छपारा नगर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण करती हुई प्रत्येक धर्मावलंबियों के द्वार -द्वार पहुंची।

कलश यात्रा में सभी सनातन धर्मानुरागियों, व्यायाम शाला, विहिप, बजरंगदल, स्वयं सेवकों, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में संलग्न संगठनों तथा उनके कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सभी



राजनैतिक दलों एवं विशिष्ट हस्तियों ने उल्लासपूर्ण उपस्थिति के साथ सहभागिता की।

आयोजन के आमंत्रण की इस पहल में सभी से निवेदन सहित आयोजन में सहभागी बनने, कार्यक्रम की दिनांक और समयबद्ध व्यवस्थित रुपरेखा की जानकारी के साथ अपने स्वयं के घर, क्षेत्र, समस्त धार्मिक स्थलों में आयोजन के क्रियान्वयन के संदेश देकर सक्रिय सहभागिता के साथ अवसर को भव्यता प्रदान करने का आग्रह किया गया।

# मध्यभारत का पहला सुनियोजित शहर बनेगा जबलपुर - मु यमंत्री ड़ॉ.यादव

**रोजगार आधारित उद्योग लगाने के लिए स्थानीय उद्योगपतियों को मिलेगा अवसर**

**पिछले तीन माहों में 9 से टरों में 9567 करोड़ रूपये का हुआ निवेश, 19 हजार से अधिक को मिला रोजगार**

**अब जिला स्तर भी होगी इन्वेस्टर्स मीट**

भोपाल । मु यमंत्री ड़ॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर रोजगार आधारित औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए पांच वर्षीय रोडमेप तैयार किया जाएगा। साथ ही प्रदेश और जिलों के उद्योगपतियों की जिला स्तर पर इन्वेस्टर समिट आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि अभी भी कई से टर ऐसे है जहां निवेश और रोजगार के असीमित अवसर है। उन से टरों पर फोकस किया जाएगा। उन्होने स्थानीय उद्योगपतियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। मु यमंत्री ड़ॉ. यादव ने आज जबलपुर में आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये। उन्होंने जनजातीय जिलों बालाघाट, मंडला और डिंडोरी की वनीय परिस्थितियों को देखते हुए कहा कि उद्योगों के लिए जहां बिजली की समस्या है वहां के लिए एक अलग योजना और कार्यक्रम बनाया जायेगा। इन क्षेत्रों में वहां की जलवायु और परिस्थितियों को देखते हुए पशुपालन और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा दिया जायेगा। मु यमंत्री ड़ॉ. यादव ने इन जिलों में माइनिंग और डेयरी व्यवसाय पर फोकस करने को कहा।

**विगत तीन वर्षों में हुआ महाकौशल क्षेत्र में निवेश**

प्रमुख सचिव उद्योग श्री संजय शु ला ने पिछले तीन माहों में महाकौशल क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में आये व्यापक बदलाव की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि महाकौशल में 9 से टरों



में सीमेंट, टे सटाइल, लोहा एवं इस्पात, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, एथेनॉल, इंजीनियरिंग, एफएमसीजी और निर्माण सामग्री में बदलाव आया है। तीन महीनों में 9567 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है जबकि 19हजार 716लोगों के लिए नए रोजगार सृजित हुए है।

**महाकौशल में प्रस्तावित नई परियोजनाएं**

राज्य शासन के उद्योग विभाग द्वारा महाकौशल क्षेत्र में आगामी नवीन परियोजनाओं की तैयारी की गई है। इनमें सिहोरा में 1379 एकड़ क्षेत्र में प्रमुख अधोसंरचना (ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर) कार्य प्रस्तावित है। इसकी अनुमानित लागत 240 करोड़ रुपये है। इसी तरह औद्योगिक क्षेत्र बुरकलखापा सिवनी में 11 करोड़ रुपये की लागत के कार्य, ग्राम सिमरा एवं कैलवारा खुर्द, कटनी के रहती में ही लगभग 400 एकड़ में कटनी से 20 किमी. दूर व स्टेट हाईवे से 3 किमी. और हरदुआ रेलवे स्टेशन से 1 किमी दूरी पर स्थापित करने की योजना है।

**महाकौशल में निर्माणाधीन परियोजनायें और नवीन औद्योगिक क्षेत्र**

औद्योगिक क्षेत्र उमरिया डंगरिया, जिला जबलपुर का विस्तार 60.5 एकड़ में किया जा रहा है। इंडस्ट्रियल पार्क नरसिंहपुर-दो का विकास, औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया कटनी का विकास 7.72 करोड़ रुपये से किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र हरगड़ में 19.22 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। साथ ही औद्योगिक विकास केंद्र मनेरी मंडला में 45.36 करोड़ से डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाइन का कार्य चल रहा है। औद्योगिक विकास केंद्र मनेरी मंडला में भी 19.56 करोड़ की लागत से विस्तार कार्य किया जा रहा है।

**मु यमंत्री ने जबलपुर नगर विकास की नई अवधारणा को सराहा**

विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में जबलपुर कले टर सौरभ कुमार सुमन ने मध्य भारत के सुनियोजित शहर निर्माण की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिसमें नमामि देवी नर्मदे परियोजना को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें स्थानीय 18 घाटों को एक दूसरे से ऐसे कने ट किया जाएगा। इससे पर्यटन के अवसर बनेंगे। इन सभी घाटों पर 15 से 20 मिनट में सुगमता से आवागमन किया जा सकेगा। इसी में आरोग्य धाम ग्राम भी विकसित होगा। इसके अलावा 15 वें वित्त आयोग के ईने यूबेशन ऑफ 8 न्यू सिटीज के तहत जबलपुर में टे सटाइल एवं लॉजिस्टिक ` लस्टर का प्रस्ताव भारत शासन को प्रेषित किया गया है। इसकी कुल लागत 3727.16 करोड़ रुपये है। इस योजना का कुल क्षेत्र 332 हे टेयर प्रस्तावित है। इसमें पूर्व से जबलपुर के गारमेंट व्यवसाय का विस्तार करने के लिए जबलपुर टे सटाइल एवं लॉजिस्टिक` लस्टर प्रस्तावित किया गया है। जो पर्यावरण को ध्यान में रखतें हुए नेट जीरो डिस्चार्ज एवं ग्रीन प्रौद्योगिकी का समावेश शामिल है। साथ ही पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप के माध्यम से होटल, अस्पताल, स्कूल, मॉल, लॉजिस्टिक पार्क, हाइराइज एवं अन्य रहवासी इमारतों का निर्माण किया जाएगा। प्रस्तावित` लस्टर से 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रूप से तथा 20 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजन की संभावना बताई गई है। वहीं ग्लोबल स्किल पार्क का निर्माण राज्य शासन के सहयोग से किये जाने की जानकारी दी गई।

**मु यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर कले टर द्वारा नगर विकास की प्रस्तुत की गई अवधारणा की सराहना की।**

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री बी डी शर्मा, संभाग के सभी जिलों के सांसद व विधायकगण, महापौर, सहित मु य सचिव श्रीमती वीरा राणा, जबलपुर संभाग के प्रभारी अपर मु य सचिव श्री विनोद कुमार और ए डी जी पी श्री चंचल शेखर, मु यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह, आयुक्त जनसंपर्क श्री संदीप यादव संभागायुक्त श्री अभय वर्मा एडीजीपी श्री उमेश जोगा, आईजी बालाघाट श्री संजय कुमार और जिलों के कले टर्स, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी उपस्थति थे।

## प्रमुख सचिव सिन्हा द्वारा किया गया जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, वृद्धाश्रम एवं नशामुक्ति केन्द्र का निरीक्षण

सिवनी यशोः- उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री वीरेश सिंह बघेल द्वारा जानकारी दी गई की प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री सचिन सिन्हा द्वारा गुरूवार 04 जनवरी 2024 को सिवनी प्रवास के दौरान जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, वृद्धाश्रम एवं नशामुक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

श्री सिन्हा द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र स्थित मानसिकबाधित दिव्यांगजनों की प्रशिक्षण की वर्कशॉप का निरीक्षण कर प्रशिक्षण की सामग्री एवं एम.आर.किट की जानकारी ली गई। इसी तरह अस्थिबाधितों की वर्कशॉप का निरीक्षण कर अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए बनाये जा रहे कृत्रिम पैर एवं श्रवणबाधित दिव्यांग परीक्षण एवं प्रशिक्षण हेतु स्थापित केन्द्र का निरीक्षण कर वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठजनों से चर्चा की गई। श्री सिन्हा द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया तथा नवीन भवन का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने तथा सफाईकर्मी की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।

उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी द्वारा श्री सिन्हा को अवगत कराया गया कि प्रमुख सचिव महोदय द्वारा श्रम विभाग का निरीक्षण किया गया तथा कले टर सिवनी से सामाजिक न्याय एवं श्रम विभाग की योजनाओ के क्रियान्वयन की विस्तार से चर्चा कर समीक्षा की गई।

### निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 06 जनवरी को

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग एवं मु य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत शनिवार 06 जनवरी 2024 को अभिहित स्थलों में निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया जायेगा। उक्त संबंध में 06 जनवरी 2024 को प्रातः 11.00 बजे कले ट्रेट सभाकक्ष में कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में बैठक आयेजित की गई है।

## कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी द्वारा कुसुम की खेती बढावा हेतु नवाचार

### कुसुम/सैफ लावर की खेती फसल विविधीकरण में अति उपयोगी, उपसंचालक कृषि ने किया भ्रमण



सिवनी यशोः- कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल की मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र में कृषकों के हितार्थ नित्य नए नवाचार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कृषि विज्ञान केंद्र की फसल संग्राहलय में कृषकों के बीच जागरूकता एवं फसल विविधीकरण के अंतर्गत कुसुम (करडी) की खेती को बढावा देने हेतु कार्य किया जा रहा है। कुसुम (सेफ लावर) की खेती के नवाचार को देखने हेतु उपसंचालक, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, श्री मोरिस नाथ द्वारा भ्रमण किया गया, श्री नाथ ने कहा कि केन्द्र द्वारा फसल विविधीकरण के क्षेत्र में कुसुम की खेती एक उत्कृष्ट कार्य सिवनी जिले किसानों के हित में किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कुसुम की खेती सीमित पानी की दशा में अधिक लाभप्रद है इसे मु यतः तिलहन फसल के रूप मे उगाते हैं इसमें 30 से 35 प्रतिशत कोलेस्ट्रोल रहित तेल प्राप्त होता है एवं कुसुम का तेल पौष्टिक होने के साथ ही आयरन एवं कैरोटीन से भरपूर है। कुसुम के पत्तों की सब्जी सेहत के लिए फायदेमंद एवं स्वादिष्ट होती है, इसमें 21.0-29.75 प्रतिशत प्रोटीन, 18.99 मीलि ग्रा.100 ग्रा.विटामिन-सी, 8.07-9.50 प्रतिशत रेशा पाया जाता है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. निखिल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुसुम/करडी एक तिलहनी फसल है इसकी खेती सिवनी जिले के किसनो हेतु अति लाभकारी साबित होगी। कुसुम की खेती हेतु बीज दर 18 से 20 किलोग्राम प्रति हे टेयर एवं उपज 14 से 15 कुंटल प्रति हे टेयर तक प्राप्त होती है, इसकी बुवाई मध्य अ टूबर से मध्य नवंबर के बीच की जा सकती है इसमें कतार से कतार की दूरी 45 सेंटीमीटर, पौधे से पौधे की दूरी 20 से 25 सेंटीमीटर एवं बुआई 3 से 4 सेंटीमीटर गहराई में की जानी चाहिए। कुसुम की उन्नतशील प्रजातियों में प्रमुख रूप से आर. व्ही. एस. ए. एफ 18-3, आर. व्ही. एस. ए. एफ 14-1, कुसुम के-65, मालवी कुसुम एवं छत्तीसगढ कुसुम-1 आदि हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. के. के. देशमुख ने बताया कि कुसुम की खेती में विशेष रूप से 40 किलोग्राम नाइट्रोजन, 20 किलोग्राम पोटाश प्रति एकड की आवश्यकता होती है जिसमे से बुवाई के समय 20 किलोग्राम नाइट्रोजन एवं 20 किलोग्राम फासफोरस खेत की तैयारी के समय ही मिला देना चाहिए बाकी बची हुई 20 किलोग्राम नाइट्रोजन की मात्रा फसल के 30 से 35 दिन के अंतराल में छिडकाव कर देना चाहिए, इससे पौधों की वानस्पतिक वृद्धि अच्छी होती है। इसकी खेती मु यतः असिंचित क्षेत्र में की जाती है एवं यदि पानी की व्यवस्था हो तो एक सिंचाई फूल आने के समय करने से फूलों की सं या में बढोतरी एवं उत्पादन भी अधिक प्राप्त होता है।

उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ जी के भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. निखिल सिंह, डॉ. के के देशमुख, डॉ. आर. एस. ठाकुर, इंजी. कुमार सोनी, डॉ. जी. के. राणा, डॉ. के. पी. एस. सैनी आदि की उपस्थिति रही एवं कृषि विभाग के श्री प्रफुल्ल घोडेश्वर, श्री राजेश मेश्राम, डॉ अखिलेश कुल्हारे, इफको के अनिल बिरला की उपस्थिति रही।

## शिक्षक संवर्ग अंतरिम पदक्रम सूची के संबंध में करें अ यावेदन प्रस्तुत

सिवनी यशोः- जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस. कुमरे ने बताया कि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर के आदेशानुसार शिक्षक संवर्ग (उ.श्रे.शि.- प्रधानाध्यापक सहित)/ माध्यमिक शिक्षक/ खेलकूद शिक्षक श्रेणी (ब) की 01 अप्रैल 2023 की स्थिति में संभाग स्तरीय अंतरिम पदक्रम सूची जारी की गई है, जिसके विरूद्ध असहमति/ त्रुटि सुधार हेतु विकास खण्डस्तर पर 08 जनवरी 24 से 11 जनवरी 2024 तक महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी, उत्कृष्ट बरघाट एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केवलारी में शिविर का आयेजन किया जा रहा है। प्रत्येक लोक सेवक शिविर में उपस्थित हो सूची का अवलोकन उपरांत सहमति/ त्रुटि सुधार /नाम जोडने हेतु वांछित दस्तावेज सहित अ यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## "विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राही हो रहे लाभांवित





सिवनी यशोः- केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से संचालित ''विकसित भारत संकल्प यात्रा" अंतर्गत स पूर्ण जिले में ग्रामपंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से योजनाओं के लाभ से छूटे पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। साथ ही प्रचार वाहनों में लगी एलईडी वाल के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

गुरूवार 04 जनवरी 24 को बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लोहारा एवं पोनिया, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बिछुआबर्रा, खैरी, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत आमानाला एवं अमोली, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अटरिया एवं छरी, केवलारी की ग्राम पंचायत अर्जुनझिर एवं परासपानी, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सतोसा एवं झीरेवाडा, लखनादौन की ग्राम पंचायत धनककडी एवं झामरमाल तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मानेगांव, खामखरेली एवं बिहीरिया(जाम) पहुंची।

इसी तरह शुक्रवार 05 जनवरी 24 को बरघाट विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मगरकठा एवं टिकारी (बरघाट), छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सादकसिवनी, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दोंदावानी एवं सुनवारा, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पनारझिर एवं दिवारी, केवलारी की ग्राम पंचायत झोला एवं जामुनपानी, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोंहगांव यादव एवं पचधार, लखनादौन की ग्राम पंचायत डुंगरिया एवं खमरिया पहाडी तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिहोरा, बल्लारपुर एवं डूंडासिवनी पहुंचेगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान स मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएसः उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना से पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया जाएगा।

### 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

मंडला यशोः- अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंडला ने ग्राम चरगांव निवासी संतिया वरकड़े की 9 अगस्त 2023 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पिता रमेश वरकड़े को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

मंडला यशोः- 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर में महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। निबंध प्रतियोगिता का विषय वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे है। इस संबंध में अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने प्राचार्य रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला को निर्देशित किया है कि जिले के समस्त महाविद्यालयों में 15 जनवरी 2024 के पूर्व प्रतियोगिता का आयोजन कराते हुए जिला स्तरीय पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयनित प्रतिभागियों की जानकारी कले टर कार्यालय में 16 जनवरी 2024 को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सफल प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी 2024 को पुरूस्कृत किया जाएगा।

## कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन 12 जनवरी को

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने बताया कि महानिदेशक विदेश व्यापार भारत सरकार इंदौर द्वारा जिले में निर्यात को बढावा देने के उद्देश्य से जिला निर्यात हब पहल के तहत 12 जनवरी 2024 को कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन साई रेसिडेंसी पॉवर ग्रिड के समीप जबलपुर रोड सिवनी में किया गया है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने जिले के समस्त उद्योगपति तथा कृषक उत्पाद संघ जो अपने उत्पाद को निर्यात करना चाहते हैं, से अधिक से अधिक सं या में कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है।

## भारतीय जागृति मिशन ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

मंडला यशोः- मंडला हिट एंड रन के मामले पर जो नया कानून बनाया गया है उसे लेकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है ट्रांसपोर्ट कंपनी ड्राइवर ने देशव्यापी हड़ताल की सामाजिक संगठनों ने भी इस नए कानून का विरोध किया भारतीय जागृति मिशन ने जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा है और ज्ञापन में लिखा है। आपको सादर अवगत कराना चाहते हैं कि भारत सरकार द्वारा पारित नव ÷हिट एंड रन÷ कानून में पुनर्विचार की आवश्यकता है श्रीमान जी कोई भी ड्राइवर कभी भी जानबूझ कर ऐ सीडेंट नहीं करता है और यदि अनजाने में ऐसा होता है तो फिर इस नए कानून से उसका परिवार समाप्त हो जाएगा` योंकि कोई भी ड्राइवर करोड़पति नहीं होता है लोग नौकरी, व्यापार के अभाव और आर्थिक परेशानियों के चलते ड्राइवर की नौकरी करते हैं । ऐसी स्थिति में जब इतना हाई वोल्टेज कानून पारित किया जाएगा तो` या कोई भी ड्राइवर की नौकरी करना पसन्द करेगा, अगर अंदाजा लगाया जाय तो एक ड्राइवर जीवन भर नौकरी करते हुए परिवार का पालन करने के साथ दस लाख बचत नहीं कर सकता है ऐसी परिस्थिति में ऐसा कानून उचित होगा महोदय हम आशा करते हैं कि इस पर आप पुनर्विचार कर इस हिट एंड रन कानून को वापस लेकर ड्राइवर पेशे को सुरक्षित रखने में आप अपना अहम योगदान करें और इससे देश के होने वाले भीषण नु सान से देश को बचाने की कृपा करें ताकि भारतीय जागृति मिशन को भी देश व्यापी आन्दोलन के लिए बाध्य न होना । इस ज्ञापन को सौंपते समय भारतीय जागृति मिशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री राम गोपालसाहू के मार्गदर्शन पर जिला अध्यक्ष महिला संघ सोमवती धुर्वे ,श्रीमती नंदिता , धूप लाल धुर्वे, यशोमती मरावी, कल्याणी मार्को, सविता मरावी उपस्थित रहे ।

## योजनाओं का लाभ लेने नुक्कड़-नाटक के माध्यम से दी गई समझाईश



मंडला यशोः- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्?हें लाभान्वित करने के लिए जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम बाजा में नुक्कड़-नाटक के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा लोगों को पात्रतानुसार लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। नाटक दल में अयोध्या जंघेला, शिवा जंघेला, पूरन झरिया, संतोष जंघेला आदि स मिलित रहे।

## पीएम जनमन अभियान के तहत बैगा ग्रामों में किया जा रहा दीवार लेखन दी जा रही योजनाओं की जानकारी



मंडला यशोः- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में दीवार लेखन के माध्यम से शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले के सभी 318 बैगा ग्रामों में विशेष अभियान चलाकर दीवार लेखन तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से बैगाओं को विभिन्न योजनाओं के प्रावधानों से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही ग्राम के सार्वजनिक तथा प्रमुख स्थलों पर योजनाओं से संबंधित ले स तथा बैनर लगाए जा रहे हैं। पीएम जनमन अभियान के तहत घर-घर सर्वे करते हुए बैगाओं को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा योजनाओं के लाभ से वंचित बैगाओं को लाभान्वित किया जा रहा है।

### स्टेंडिंग कमेटी की बैठक 6 को

मंडला यशोः- मु य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत एकीकृत प्रारूप नामावली का प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को सभी मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा। इस संबंध में 6 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला योजना भवन के सभाकक्ष में स्टेडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। संबंधितों से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## दीप यज्ञ के साथ गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति संपन्न



कहानी यशोः- अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शाखा कहानी के प्रतिनिधित्व में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन विगत 30 दिसंबर से प्रारंभ होकर 4 जनवरी 2024 तक बृहद रूप से संचालित होते हुए संपन्न कराया गया इस कार्यक्रम में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक आयोजन चरणबद्ध तरीके से संपन्न कराए जाते थे विभिन्न धर्म संस्कारों से परिपूर्ण इस आयोजन में शांतिकुंज हरिद्वार से विद्वानों की टोली पहुंची थी जिन्होंने अपने मुखारविंद से समस्त यज्ञ आयोजन को संपन्न कराया एवं प्रतिदिन नशा मुक्ति एवं सात विचारों के लिए संकल्प दिलाया जाता था इसके साथ ही प्रतिदिन प्रज्ञा पुराण का वचन जनमानस के बीच पहुंचा 3 दिसंबर को 1100 दीपक की रोशनी के साथ मंत्र उच्चारण के बीच दीप यज्ञ जनमानस के माध्यम से संपन्न कराया गया अगले दिन पूर्णाहुति के साथ विशाल हवन प्रसाद भोजन भंडारा संपन्न हुआ गायत्री परिवार कहानी के साधक राजकुमार गोलानी लक्ष्मण लखेरा श्यामलाल शिवहरे सुशील शिवहरे सेवक दिनेश मिश्रा जवाहर सुरेंद्र शिवह ज्ञानी गुड्डा शर्मा हेमंत मुकेश चित्रकांत एवं महिला साधकों का भी योगदान प्राप्त होने से सफल आयोजन संपन्न हुआ गायत्री परिवार शाखा कहानी के द्वारा समस्त ग्राम वासियों का उपस्थित संतों का आभार व्यक्त किया गया

## राज्यस्तरीय इडियन कराते प्रतियोगिता में सिवनी ने जीते 25 पदक



सिवनी यशोः-मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन अनुमोदित 14वीं मध्य प्रदेश राज्यस्तरीय इडियन कराते प्रतियोगिता का आयोजन छिन्दवाड़ा के शासकीय राजमाता सिंधिया वालिका महाविद्यालय में क्रीडा भारती महाकोश प्रांत के तत्वाधीन में 30 से 31 दिसंबर को किया गया कोच नारायण सिंह प्रजापति ने बताया की प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा , सिवनी, भोपाल , बैतूल, शहडोल ,डिंडोरी, अनूपपुर, उमारिया, रायसेन, झाबुआ, अलीराजपुर, मंडला, उज्जैन, नरसिंहपुर, साजापुर, शियोपुरी, और अन्य जिलों से लगभाग 800 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्ग की काता और कुमीते विधा में भाग लेकर पदक जीते इस प्रतियोगिता में सिवनी जिले के कुल 29 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें वालिका वर्ग में महिला आयु एवं वजन में स्वर्ण पदक अवनी साहू, सीमा बंजारा। कशिश साहू. रजत पदक में अंशिका साहू .खुसी अवधिया। रिया यादव. कुसाग्र शिववेदी. अक्षांश झारिया. सूर्यांश साहू. मेघा प्रजापति. साक्षी यादव. गीतेश प्रजापति.

कांस्य पदक में. अन्नपूर्णा धुर्वे. गायत्री नेताम. सुभाषनी बंजारा. तन्मय परते. राहुल य़ादव ।

राजेश यादव .लोकेश कुमारे. सभी का प्रदर्शन सराहनीय रहा साथ में रिया साहू। अर्पणा साहू. रश्मि बरकडे. रुकैया खान. सोनाली अवधिया. विनश डोगरे. विशाल यादव. प्रियांश यादव. देवांश काकोड़िया. माध्य प्रदेश कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष शिहान राजेन्द्र सिंह तोमर तथा क्रीड़ा भारतीय के जिला अध्यक्ष पी.एल साहू सचिव ओंकार महोवे स्वच्छ हनुमान सर ने सिवनी स्पोर्ट्स कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन के सचिव नारायण सिंह प्रजापति को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों को पदक देकर स मानित किया सिवनी स्. च. ष्ठ. के अध्यक्ष खेल प्रेमी ने सभी पदाधिकारियो को बधाई दी

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati.com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझांवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297